श्रम और रोजगार मंत्रालय

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 मनाया और राष्ट्रव्यापी 'विशेष सेवा पखवाड़ा' का समापन किया

'गिव टू गेन' थीम कर्मचारी राज्य बीमा निगम की 'निस्वार्थ सेवा' और 3.84 करोड़ से अधिक बीमित व्यक्तियों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर करती है

विशेष सेवा पखवाड़े के हिस्से के रूप में नई श्रम संहिता के अनुरूप 40 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों के लिए दैनिक स्वास्थ्य जांच की शुरुआत

सामाजिक सुरक्षा वितरण को मजबूत बनाने के लिए सुविधा समागमों का आयोजन

प्रविष्टि तिथि: 11 MAR 2026 11:30AM by PIB Delhi

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में 10 मार्च को विशेष सेवा पखवाड़ा 2026 के सफल समापन के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 मनाया गया। इस कार्यक्रम में ईएसआईसी की महिला कर्मचारियों और लाभार्थियों के अधिकारों, मान्यता और कल्याण को बढ़ावा देने की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई।

इस अवसर पर ईएसआईसी के महानिदेशक श्री अशोक कुमार सिंह, वित्तीय आयुक्त सुश्री टीएल यदेन, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री मनीष कुमार अग्रवाल और चिकित्सा आयुक्त (एमई) डॉ. सपना मित्तल, मुख्य अतिथि और वक्ता सुश्री अंजू बाहरी और आश्रय ट्रस्ट के कार्यक्रम समन्वयक श्री मुंजेश यादव तथा ईएसआईसी मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे।

इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का विषय 'गिव टू गेन ईएसआईसी के मूल मार्गदर्शक सिद्धांत निस्वार्थ सेवा से मेल खाता है। ईएसआईसी के महानिदेशक श्री अशोक कुमार सिंह ने कहा कि यह विषय सामाजिक सुरक्षा के प्रति निगम की अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। उन्होंने कहा कि ईएसआईसी अपनी व्यापक स्वास्थ्य सेवा पहलों के माध्यम से, गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल और सशक्त सामाजिक सुरक्षा तक निरंतर पहुंच सुनिश्चित करके देशभर में महिला लाभार्थियों को सशक्त बना रहा है। वर्तमान में, ईएसआईसी 3.84 करोड़ से अधिक बीमित व्यक्तियों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है, जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य, मातृत्व लाभ और समग्र कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जाता है। ईएसआईसी की वित्तीय आयुक्त सुश्री टीएल यदेन ने कहा कि ईएसआईसी देशभर में महिला लाभार्थियों को सशक्त बनाने और उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

ईएसआईसी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने महिलाओं और लड़कियों के प्रति शोषण और दुर्व्यवहार का विरोध करने के लिए आश्रय ट्रस्ट की पहल "पर्पल रिबन" की शपथ ली। कार्यक्रम समन्वयक मुंजेश यादव के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में सामूहिक सामुदायिक जिम्मेदारी को समाज के सबसे कमजोर वर्ग की सुरक्षा का आधार बताया गया।

अतिथि वक्ता और लाइफ कोच सुश्री अंजू बाहरी ने महिलाओं को स्वयं को महत्व देने और आत्मविश्वास के साथ बदलाव को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली महिला कर्मचारियों और पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

इस समारोह में ईएसआईसी के 75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 24 फरवरी से 10 मार्च, 2026 तक आयोजित विशेष सेवा पखवाड़े का सफल समापन किया गया। इसके तहत जागरूकता शिविरों, स्वास्थ्य जांच, योग और आयुष सत्रों तथा सुविधा समागमों की एक श्रृंखला के माध्यम से बीमित श्रमिकों को आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल और कल्याण सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। सुविधा समागमों का आयोजन हितधारकों की शिकायतों के निवारण के लिए किया गया था।

इस वर्ष के पखवाड़े में 40 वर्ष से अधिक आयु के बीमित श्रमिकों के लिए दैनिक स्वास्थ्य जांच शिविरों की शुरुआत की गई, जिसमें नए श्रम संहिता के प्रावधानों के अनुरूप व्यावसायिक बीमारियों का जल्द पता लगाने को प्राथमिकता दी गई। सभी क्षेत्रीय कार्यालयों और अस्पतालों में आयोजित इन राष्ट्रव्यापी गतिविधियों ने ईएसआईसी के सभी के लिए स्वास्थ्य, सशक्तिकरण और अवसरों की समान पहुंच सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

*****

पीके/केसी/जेके/वाईबी

(रिलीज़ आईडी: 2238090) आगंतुक पटल : 160
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Gujarati , Urdu , Tamil , Telugu